(2) सामाजिक उपयोगी उत्पादों का ही विज्ञापन करना
जैसे:- विराट कोहली द्वारा कोल्ड ड्रिंक के विज्ञापन हेतु मना करना

(3) भ्रामक विज्ञापनों का विरोध जनता के सामने रखना

2366
VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(4) सांस्कृतिक मूल्यों को आहत करने वाले विज्ञापन या सामाजिक विज्ञापन पैदा करने वाले विज्ञापन करने हेतु मना करना

जैसे :- अमिताभ बच्चन द्वारा गुटके के विज्ञापन हेतु मना करना।

# समाज में अभिनेता आम जनता का पथ प्रदर्शक होता है अतः उसे समाज में नैतिक प्रथाओं की स्थापना का प्रयास करना चाहिए।

9. आप एक कृषि प्रधान जिले में जिला मजिस्ट्रेट के पद पर नियुक्त हैं। हाल ही में, इस क्षेत्र में बेमौसम वर्षा हुई है, जिससे फसलों को अत्यधिक क्षति हुई है और किसान समुदाय भी संकट के कगार पर पहुंच गया है। खाद्यान्न खरीद प्रणाली में व्यापक भ्रष्टाचार के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

आपको किसानों से अनाज खरीदने वाले गोदामों में व्यापक कदाचार की रिपोर्टें मिली है। इन भ्रष्ट गतिविधियों में खरीद प्रक्रिया में जानबूझकर विलंभ करना, तौल के पैमानों में हेरफेर करना, मनमाने तरीके से गुणवत्ता को अस्वीकार करना और हताश किसानों से रिश्वत की मांग करना शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप, किसानों को अत्यधिक वित्तीय हानि हुई है, कई किसान तो अपना लागत मूल्य भी वसूल नहीं कर पा रहे हैं।

कई किसान अपनी उपज बेचने में असमर्थ हैं जबकि अन्य न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) से बहुत कम कीमत पर अपनी उपज बेचने के लिए विवश हैं। इससे कृषक समुदाय के लिए वित्तीय संकट उत्पन्न हो गया है।

आपको इस जटिलता को और अधिक गंभीर बनाने वाली एक रिपोर्ट मिलती हैं जिससे पता चलता है कि कुछ स्थानीय राजनेता और प्रभावशाली व्यवसायी इन भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल हैं और किसानों की दुर्दशा से लाभ उठा रहे हैं। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो संभावित किसान विरोध प्रदर्शनों एवं आंदोलनों के शुरू होने की भी अफवाहें हैं।

जिला मजिस्ट्रेट के रूप में, आपके सामने तात्कालिक संकट और इस स्थिति को जन्म देने वाले प्रणालीगत मुद्दों जिनके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, दोनों से निपटने की चुनौती है।

(a) इस मामले में शामिल प्रमुख हितधारकों और उनके संबंधित हितों की पहचान कीजिए।

(b) प्रभावित कृषक समुदाय को राहत प्रदान करने के लिए आपके द्वारा अपनाए जाने वाले तात्कालिक उपायों पर चर्चा कीजिए।

(c) आपके द्वारा चुने गए उपाय को क्रियान्वित करते समय आपके समक्ष आने वाली नैतिक दुविधाओं पर चर्चा कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए कि आप उनसे कैसे निपटेंगे। ( 250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

You are posted as the District Magistrate in a predominantly agricultural district. Recently, the region has been hit by unseasonal rainfall, causing severe crop damage and pushing the farming community to the brink of crisis. The situation is further exacerbated by widespread corruption in the food grain procurement system.

You have received reports about rampant malpractices in the warehouses responsible for procuring food grains from farmers. These corrupt practices include deliberate delays in the procurement process, manipulation of weighing scales, arbitrary quality rejections, and demands for bribes from desperate farmers. As a result, farmers are facing significant financial losses, with many unable to recover even their input costs.

Many farmers are unable to sell their produce, while others are forced to sell at prices far below the Minimum Support Price (MSP). This has led to financial distress for the farming community.

Adding to the complexity, you have received reports suggesting that some local politicians and influential businessmen are involved in these corrupt practices, benefiting from the farmers' misery. There are also rumors of potential farmer protests and agitations if immediate action is not taken.

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

As the District Magistrate, you are faced with the challenge of addressing both the immediate crisis and the systemic issues that have led to this situation.

**(a)** Identify the key stakeholders involved in this case and their respective interests.

**(b)** Discuss the immediate measures you will take to provide relief to the affected farming community.

**(c)** Discuss the ethical dilemmas you might face while implementing your chosen course of action and how you would navigate them. (Answer in 250 words) 20

उपर्युक्त स्थिति में बिना मौसम बारिश होने के कारण फसल को भारी क्षति हुई है तथा खाद्यान्न खरीद प्रणाली में भ्रष्टाचार के कारण जिला मजिस्ट्रेट के रूप में मुझे दोहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है।

प्रमुख हितधारक

1. किसान
2. खरीद एजेंसियाँ एवं खरीद अधिकारी
3. स्थानीय राजनेता और प्रभावशाली व्यवसायी वर्ग
4. जिला प्रशासन – जिला मजिस्ट्रेट

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(5) आम जनता तथा स्थानीय समुदाय

(6) सरकार

(b) तत्काल किये जाने वाले उपाय

(1) क्षति का आकलन करना – इसके लिए एक समर्पित टीम का गठन करना तथा वह सम्पूर्ण प्रकरण का दस्तावेजीकरण कराना।

(2) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना

(3) किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के विकल्पों से अवगत कराना।

(4) भ्रष्टाचार की जांच के लिए प्रवर्तन

एजेंसियों को अवगत करा कर उनके विरुद्ध कार्यवाही एवं जाँच हेतु समिति गठित करने का अनुरोध करना

(5) खरीद प्रक्रिया हेतु व्यवस्थित मानक, मापदंड, प्रक्रिया इत्यादि का निर्धारण करना।

(6) उपर्युक्त सभी स्थितियों पर कार्य की निगरानी हेतु व्यवस्था करना।

प्रमुख नैतिक दुविधाएँ –

(1) राजनीतिक दबाव बनाम नौकरी की सुरक्षा।

(2) वित्तीय लाभ बनाम सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाना।

(3) निष्पक्षता बनाम तत्काल कार्यवाही हेतु संसाधन प्रबंधन

(4) पारदर्शिता बनाम कार्यालयी गोपनीयता व्यवहार

(5) संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित कराना

(6) सीमित संसाधनों में अधिकतम प्रबंधन या लाभ सुनिश्चित करना

# उपर्युक्त स्थिति से व्यक्ति के जीवन का अधिकार सुनिश्चित होगा तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के व्यवहारिक प्रभावी होने की व्यवस्था हो सकेगी।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**10.** हाल ही में एज़टैक के इंडिया डिवीजन के प्रमुख के रूप में नियुक्त श्री वी, कंपनी के शिशु आहार उत्पादों के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण नैतिक दुविधा का सामना कर रहे हैं। हाल ही में, यह बात लोगों के ध्यान में आई है कि भारत में एज़टैक के शिशु उत्पादों में एक बार के आहार के रूप में दी जाने वाली मात्रा में लगभग 3 ग्राम शर्करा की मात्रा होती है, जबकि जर्मनी और ब्रिटेन जैसे अमीर देशों में इसी तरह के उत्पादों में कोई अतिरिक्त शर्करा की मात्रा नहीं होती है। एज़टैक ने इस प्रथा का बचाव करते हुए कहा है कि चीनी की मात्रा स्थानीय नियमों के अनुरूप है। हालांकि, इन उत्पादों पर पोषण संबंधी जानकारी में अतिरिक्त शर्करा के बारे में विवरण का उल्लेख नहीं है।

इस खुलासे ने नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठनों (NGOs) और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया है, जिनका तर्क है कि शिशु उत्पादों में शर्करा की अतिरिक्त मात्रा खतरनाक और अनावश्यक है। आलोचना के बढ़ने से एज़टैक की प्रतिष्ठा और बाजार में इसकी स्थिति खतरे में पड़ गई है।

श्री वी को एक गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ता है। इन शिशु उत्पादों को बाज़ार से हटाने से कंपनी को काफ़ी वित्तीय क्षति हो सकती है, जिससे संभावित रूप से कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है और यहां तक कि कंपनी के बंद होने की संभावना भी हो सकती है, क्योंकि कंपनी की वित्तीय स्थिति पहले से ही ख़राब है। वरिष्ठ प्रबंधन उन पर दबाव बना रहा है कि वे इस मुद्दे का समाधान कंपनी के लाभ को प्रभावित करने वाले किसी बड़े परिवर्तन के बिना करें।

**(a)** इस प्रकरण में शामिल नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

**(b)** उपर्युक्त स्थिति में श्री वी के लिए उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए।

**(c)** श्री वी के लिए उपर्युक्त में से कौन-सा विकल्प सर्वाधिक उपयुक्त होगा और क्यों? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Mr. V, recently appointed as the head of Aztack's India division, faces a significant ethical dilemma regarding the company's baby food products. Recently, it has come to public attention that Aztack's baby products in India contain nearly 3 grams of sugar per serving, while similar products in wealthier nations like Germany and the UK have no added sugar. Aztack defends this practice, stating that the sugar levels comply with local regulations. However, the nutritional information on these products omits details about added sugars.

This revelation has sparked backlash from civil society, NGOs, and health experts, who argue that added sugar in baby products is dangerous and unnecessary. The criticism is growing, putting Aztack's reputation and market position at risk.

Mr. V faces a serious challenge. Removing these baby products from the market could result in significant financial losses for the company, potentially leading to employee layoffs and even the possibility of the company shutting down, given its already precarious financial state. The senior management is pressuring him to resolve the issue without making drastic changes that could affect the company's profit.

**(a)** Discuss the ethical issues involved in this case.

**(b)** Evaluate the options available to Mr. V in the above situation.

**(c)** Which of the above would be the most appropriate option for Mr.V and why? (Answer in 250 words) 20

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उपर्युक्त प्रकरण बच्चों के स्वास्थ्य तथा जीवन के अधिकार और कम्पनी के वित्तीय लाभ एवं स्थिरता के मध्य संतुलन स्थापित करते हुए श्री वी की दुविधा को व्यक्त करता है।

प्रमुख नैतिक मुद्दे —

1. बच्चों के स्वास्थ्य को अनदेखा करना
2. कम्पनी के लाभ को अधिक महत्व देना
3. पारदर्शिता तथा जवाबदेही संस्कृति का अभाव
4. कम्पनी की दीर्घकालिकता को कमजोर करता है तात्कालिक लाभ के लिए।
5. कार्य की सुरक्षा का मुद्दा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(6) सार्वभौमिक मानकों का पालन न करना।

(7) कानूनों की अनदेखा करना

(b) श्री वी के पास उपलब्ध विकल्प

विकल्प - 1 — कुछ भी कार्यवाही न करे

गुण — (1) कम्पनी को लाभ

(2) व्यक्तिगत कार्य सुरक्षा तथा कम्पनी में छंटनी नहीं होगी

दोष — (1) शिशुओं के स्वास्थ्य को नुकसान - भावी नागरिक के रूप में कमजोर नागरिक का निर्माण।

(2) कानूनों का उल्लंघन

2366
VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) कम्पनी को दीर्घकालिक नुकसान

विकल्प - 2 - उत्पादों पर रोक लगा देना

गुण - 1) शिशुओं को स्वास्थ्य लाभ

2) कम्पनी को दीर्घकाल लाभ सुनिश्चित होना

3) कम्पनी पर विश्वास का निर्माण।

दोष) - 1) - कम्पनी को वित्तीय नुकसान

2) - कम्पनी में छांटनी से बेरोजगारी दर का बढ़ना

विकल्प - 3 - कम्पनी के उच्च अधिकारियों से इस संबंध में बात करना तथा इसके दीर्घकालिक नुकसान से अवगत कराना।

गुण - कम्पनी की साख में वृद्धि

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) कार्य की सुरक्षा भी बनी रहना।

(3) कम्पनी अपने उत्पाद को क्रमिक कम करके तात्कालिक वित्तीय नुकसान से भी बच सकती है,

दोष – लोगों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

– कानूनी कार्रवाई का भय हो सकता है,

→ विकल्प-3 का चयन करना चाहिए क्योंकि –

(1) यह पोषण संबंधी मानकों का पालन करता है

(2) पारदर्शिता तथा जवाबदेही की संस्कृति पर आधारित है।

(3) कम्पनी के दीर्घकालिक हित में में है।

(4) कर्मचारियों के हित में है,

# उपर्युक्त केस स्टडी कार्यालयी मूल्य एवं संस्कृति पर आधारित है जो पारदर्शिता पर आधारित होती है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

11. सागर मेहता एक 42 वर्षीय पेशेवर है और उसका कॉर्पोरेट जगत में एक बेदाग रिकॉर्ड है। उसने हाल ही में इंफ्राटेक सॉल्यूशंस नामक कंपनी के CEO का पद धारण किया है। इंफ्राटेक सॉल्यूशंस भारत की सबसे बड़ी अवसंरचना क्षेत्र की कंपनियों में से एक है। इन्फ्राटेक को सड़कों और पुलों के डिजाइन एवं निर्माण में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है तथा इसने विगत तीन दशकों में एक मजबूत प्रतिष्ठा हासिल की है। यह कंपनी मुख्य रूप से राज्य लोक निर्माण विभागों की परियोजनाओं पर कार्य करती है और कभी-कभी राष्ट्रीय एजेंसियों से अनुबंध भी प्राप्त करती है।

सागर ने यह पद 15 वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण के परिणामस्वरूप प्राप्त किया था। उसने केवल अपनी प्रतिभा और ईमानदारी के बल पर कॉर्पोरेट जगत में तरक्की की है तथा उसने सदैव नैतिक व्यावसायिक पद्धतियों का पालन किया है। इन्फ्राटेक के CEO के रूप में उसकी नियुक्ति को अक्सर विवादों से घिरे रहने वाले उद्योग में ताजी हवा के झोंके के रूप में देखा गया।

अपनी नई भूमिका में आठ महीने के बाद, सागर कंपनी को जिस दिशा में ले जा रहा था, उसे लेकर आत्मविश्वास महसूस कर रहा था। उसने नई प्रौद्योगिकियों को लागू किया, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया और अपनी परियोजनाओं में अधिक संधारणीय पद्धतियों के प्रयोग को बढ़ावा दिया।

एक शाम, कुछ वित्तीय दस्तावेजों की समीक्षा करने के दौरान, सागर ने एक पैटर्न देखा कि बड़े अनुबंधों की घोषणाओं से ठीक पूर्व विभिन्न अज्ञात संस्थाओं को बड़ी धनराशि भेजी जा रही थी। उत्सुक और थोड़ा चिंतित होकर, उसने इसकी गहराई से जांच करने का निर्णय किया। उसने पाया कि इंफ्राटेक उन राज्यों में सत्तारूढ़ राजनितिक दलों के सदस्यों के चुनाव अभियानों के लिए पर्याप्त राजनीतिक दान कर रहा था, जहां वे अनुबंधों को प्राप्त करने हेतु बोली लगा रहे थे। ये दान बड़ी सावधानी से समयबद्ध और रणनीतिक रूप से वितरित किए गए थे ताकि कंपनी द्वारा लाभकारी सरकारी परियोजनाओं के अनुबंध प्राप्त करने की संभावना अधिकतम हो सके।

सागर हमेशा साफ-सुथरा कार्य करने के लिए स्वयं पर गर्व महसूस करता था। इस मुद्दे को हल करने हेतु दृढ़ संकल्पित सागर ने इस मामले को बोर्ड की अगली बैठक में उठाया। उसे यह देखकर आश्चर्य और निराशा हुई कि निदेशक मंडल ने न केवल इस प्रथा को स्वीकार किया, बल्कि इसका दृढ़तापूर्वक बचाव भी किया। संदेश स्पष्ट था - बोर्ड को उम्मीद थी कि सागर इस प्रथा को जारी रखेगा तथा कोई भी विचलन न केवल कंपनी की स्थिरता को बल्कि CEO के रूप में उनकी स्थिति को भी खतरे में डाल सकता है।

जैसे ही सागर बैठक से बाहर निकला, उसने महसूस किया कि इस नैतिक दुविधा का बोझ उस पर बढ़ रहा है। एक तरफ, वह कंपनी की सफलता और इंफ्राटेक पर निर्भर हजारों कर्मचारियों की आजीविका के लिए उत्तरदायी था। दूसरी तरफ, अब वह एक ऐसे कृत्य में संलिप्त था जिसे वह नैतिक रूप से संदिग्ध और संभावित रूप से अवैध मानता था।

(a) इस प्रकरण में शामिल नैतिक मुद्दों का उल्लेख कीजिए।

(b) सागर के समक्ष उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए।

(c) उसे क्या कारवाई करनी चाहिए? अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइए। (250 शब्दों में उत्तर लिखिए)

Sagar Mehta, a 42-year-old professional with an impeccable track record in the corporate world, had recently accepted the position of CEO at Infratech Solutions, one of India's largest infrastructure companies. Known for its expertise in designing and constructing roads and bridges, Infratech had built a strong

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

reputation over the past three decades, primarily working on projects for state public works departments and occasionally securing contracts with national agencies.

For Sagar, this role was the culmination of 15 years of hard work and dedication. He had climbed the corporate ladder through sheer talent and integrity, always adhering to ethical business practices. His appointment as CEO of Infratech was seen as a breath of fresh air in an industry often marred by controversies.

Eight months into his new role, Sagar was feeling confident about the direction in which he was steering the company. He had implemented new technologies, streamlined processes, and was pushing for more sustainable practices in their projects.

One evening, while reviewing some financial documents, Sagar noticed a pattern of large outflows to various obscure entities just before major contract announcements. Intrigued and slightly concerned, he decided to dig deeper. He found out that Infratech had been making substantial political donations to the election campaigns of ruling party members in states where they were bidding for contracts. These donations were carefully timed and strategically distributed to maximize the company's chances of securing lucrative government projects.

Sagar had always prided himself on running clean operations. Determined to address this issue, Sagar raised the matter at the next Board meeting. To his shock and dismay, the Board of Directors not only acknowledged the practice but also strongly defended it. The message was clear – the Board expected Sagar to continue this practice, and any deviation could jeopardize not just the company's stability but also his position as CEO.

As Sagar left the meeting, he felt the weight of this ethical dilemma bearing down on him. On the one hand, he was responsible for the company's success and the livelihoods of thousands of employees who depended on Infratech. On the other hand, he was now complicit in a practice that he found ethically questionable and potentially illegal.

**(a)** State the ethical issues involved in this case.

**(b)** Evaluate the options available to Sagar.

**(c)** What should be his course of action? Give reasons to support your answer. (Answer in 250 words) 20

ઉપર્યુક્ત પ્રકરણ વ્યક્તિગત નૈતિક મૂલ્યોં તથા કાર્યાલયી દબાવ કે મધ્ય સંતુલન પર આધારિત દુવિધા है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(a) प्रमुख नैतिक मुद्दे

① हितों का टकराव — व्यक्तिगत नैतिक सत्यनिष्ठा जैसे मूल्य तथा राजनीतिक दबाव

② मिलीभगत युक्त भ्रष्टाचार का सामना करना जिससे क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा मिलता है।

③ लोगों का भरोसा दाव पे होना।

④ अनैतिक व्यवसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देना।

⑤ कर्मचारियों तथा अन्य के मध्य कार्यालयी संस्कृति का गलत उदाहरण प्रस्तुत करना।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b) सागर के समक्ष विकल्प

विकल्प-1 :- चुप रहने का विकल्प

गुण - (1) कर्मचारियों की आजीविका सुरक्षित

(2) कम्पनी का लाभ बना रहेगा

दोष -(1) भ्रष्टाचार को बढावा तथा संस्थागत होना।

(2) व्यवसायिक नैतिकता का उल्लंघन

(3) व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा जैसे मूल्यों से समझौता।

विकल्प-2 - भ्रष्टाचार को उजागर करना

गुण - (1) अवैध नैतिक प्रथाओं पर रोक।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) व्यक्तिगत मूल्यों से समझौता नहीं

(3) समाज में पूर्वोदाहरण प्रस्तुत करना

दोष :- (1) कम्पनी को नुकसान

(2) कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित

विकल्प - 3 बोर्ड से बातचीत करना

गुण -(1) बोर्ड से बातचीत से कोई मध्यम मार्ग निकलना।

(2) कर्मचारियों की आजीविका सुरक्षित

(3) नैतिक मूल्यों से समझौता भी नहीं

दोष - यदि बोर्ड सहमत न हो तो आजीविका के साथ व्यक्तिगत भी नुकसान पहुँचा सकता है ताकि बात को बाहर उजागर न किया जा सके।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(c) सर्वोत्तम कार्यवाही

(1) बोर्ड के साथ बातचीत करना तथा मध्यम मार्ग निकालना तथा उन्हें भ्रष्टाचार के दीर्घकालिक नुकसान तथा कानूनी कारवाही होने से अवगत कराना।

(2) यदि बोर्ड बातचीत में समाधान न निकले तो कुछ समय लेना तब तक भ्रष्टाचार युक्त योजनाओं को रोकने का अनुरोध करना।

(3) यदि उपर्युक्त दोनों विकल्प न माने जाये तो व्यक्तिगत रूप से स्वयं ही त्याग-पत्र दे देना।

# उपर्युक्त पक्ष सत्यनिष्ठा से जुड़े हैं जिससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

12. आप राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) में एक वरिष्ठ अधिकारी हैं और आपकी प्राथमिक भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि देश भर में प्रवेश परीक्षा के प्रोटोकॉल का एक समान रूप से अनुपालन किया जाए। आप शिक्षा प्रशासन में अपने विगत दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, हमेशा परीक्षा प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर गर्व करते हैं।

पिछले माह, NTA ने देश भर में मेडिकल प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (NEET) का आयोजन किया। इस अत्यंत प्रतिस्पर्धी परीक्षा में 20 लाख से अधिक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से प्रत्येक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में सीट प्राप्त करने की अपेक्षा कर रहा था।

हालांकि, परीक्षा के कुछ दिनों के भीतर, आपके कार्यालय में विभिन्न स्रोतों से चौंकाने वाली रिपोर्टें आने लगीं। कई राज्यों में स्थानीय समाचार पत्रों द्वारा कथित पेपर लीक के समाचार प्रकाशित किए जाने लगे। आपके फोन पर चिंतित अभिभावकों और छात्रों के कॉल आने लगे। वे आपको परीक्षा केंद्रों पर अनियमितताओं की रिपोर्ट कर रहे थे। इसमें अभ्यर्थियों द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग करने, कुछ अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय देने और यहां तक कि प्रॉक्सी अभ्यर्थियों को परीक्षा देते हुए देखे जाने के दावे शामिल थे।

जैसे-जैसे ये रिपोर्टें आपके सामने आती हैं वैसे-वैसे स्थिति तेजी से बिगड़ती जाती है। राष्ट्रीय मीडिया ने इस समाचार को प्रमुखता से उठाया और जल्द ही यह प्रत्येक समाचार चैनल की सुर्खियों में आ गया। सोशल मीडिया पर "जस्टिस फॉर स्टूडेंट" हैशटैग के साथ व्यापक चर्चा होने लगी। अभिभावक संगठन आपके कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तथा पुनर्परीक्षा के साथ दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग कर रहे थे।

इस अव्यवस्था के बीच, आपको शिक्षा मंत्री का फोन आता है, जो स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं और त्वरित कार्रवाई की मांग करते हैं। आप पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बहुत अधिक है, लेकिन आप यह जानते हैं कि बिना गहन जांच के जल्दबाजी में लिए गए किसी भी निर्णय के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

इस पेशेवर चुनौती के मध्य आपको एक व्यक्तिगत दुविधा का सामना करना पड़ता है जिससे यह मामला और अधिक जटिल बन जाता है। आपकी बेटी ने भी इस वर्ष NEET परीक्षा दी थी। वह दो वर्ष से तैयारी कर रही थी और प्रायः देर रात तक अध्ययन करती थी।

प्रारंभ में, आपकी बेटी अपनी परीक्षा के प्रदर्शन को लेकर उत्साहित थी। किंतु अनियमितताओं के समाचारों के बाद से, आपने उसके व्यवहार में परिवर्तन देखा है। वह असामान्य रूप से चुप रहती है तथा रात के भोजन के दौरान नजरें चुराती है एवं अपने कमरे में ही अधिक समय व्यतीत करती है।

एक शाम, असहनीय तनाव के कारण आप अपनी बेटी से बातचीत करते हैं। बहुत समझाने के बाद, वह टूट जाती है और रोते हुए स्वीकार करती है कि उसने कुछ राशि के बदले एक निजी सोशल मीडिया चैनल के माध्यम से लीक हुए कुछ प्रश्न प्राप्त किए थे। वह दावा करती है कि उसे यकीन नहीं था कि वे प्रश्न वास्तविक थे, किंतु फिर भी उसने उनकी तैयारी की। अब वह आपसे कोई कार्रवाई न करने की विनती करती है।

इस स्थिति में आप अपने पेशेवर कर्तव्य और अपनी बेटी के प्रति अपने प्रेम के बीच दुविधा में उलझ जाते हैं, तो आपको आपके निर्णय के बोझ का एहसास होता है। ऐसे में संपूर्ण परीक्षा प्रणाली की सत्यनिष्ठा के साथ लाखों छात्रों का भविष्य भी दांव पर लगा है, जिसमें आपकी बेटी भी शामिल है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**(a)** इस प्रकरण में शामिल नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

**(b)** परीक्षा प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति के रूप में, आपके पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं? आप क्या कार्रवाई करेंगे और क्यों? ( 250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

You are a senior official in the National Testing Agency (NTA) and your primary role is to see if the entrance exam protocols are followed uniformly across the country. With over two decades of experience in education administration, you have always prided yourself on your commitment to fairness and transparency in the examination process.

Last month, the NTA conducted the National Eligibility cum Entrance Test (NEET) for medical admissions across the country. Over 2 million aspirants appeared for this highly competitive exam, each hoping to secure a seat in prestigious medical colleges.

However, within days of the exam, your office is inundated with alarming reports from various sources. Local newspapers carry stories of alleged paper leaks in several states. Your phone rings constantly with calls from concerned parents and students reporting irregularities at exam centers - claims of candidates using mobile phones, some being granted extra time, and even sightings of proxy candidates taking the test.

As you grapple with these reports, the situation escalates rapidly. National media picks up the story, and soon it's the headline on every news channel. Social media is abuzz with hashtags demanding justice for the students. Parents' associations are organizing protests outside your office, calling for a re-examination and severe punishment for the culprits.

Amidst this chaos, you receive a call from the Education Minister, who expresses grave concern over the situation and demands immediate action. The pressure to act swiftly is immense, but you know that a hasty decision without thorough investigation could have far-reaching consequences.

As if the professional challenge was not daunting enough, you face a personal dilemma that threatens to complicate matters further. Your daughter also took the NEET exam this year. She had been preparing for two years, often studying late into the night.

Initially, your daughter had been ecstatic about her performance in the exam. However, since the news of irregularities broke, you have noticed a change in her behavior. She has been unusually quiet, avoiding eye contact during dinner, and spending more time alone in her room.

One evening, unable to bear the tension, you confront your daughter. After much prodding, she breaks down and confesses. Tearfully, she admits to having accessed some leaked questions through a private social media channel, in exchange for money. She claims she was not sure if they were genuine, but prepared them anyway. She is now pleading with you to not take any action.

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

As you stand there, torn between your professional duty and your love for your daughter, you realize the weight of the decision before you. The integrity of the entire examination system hangs in the balance, as does the future of millions of students - including your own child.

**(a)** Discuss the ethical issues involved in this case.

**(b)** As a person responsible for ensuring exam protocols, what are the options available to you? What course of action will you follow and why?(Answer in 250 words) 20

उपर्युक्त प्रकरण व्यक्तिगत हित बनाम कार्यालयी कर्तव्य, पद की प्रतिष्ठा से जुड़ा है जो प्राथिकी तथा सत्यनिष्ठा के मध्य दुविधा पैदा करता है।

प्रमुख नैतिक मुद्दे

1. हितों का टकराव – निजी हित बनाम पद का कर्तव्य
2. सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरा।
3. बच्चों में मूल्यों का विकास न हो पाना
4. न्याय एवं निष्पक्षता।
5. कार्यालयी संस्कृति

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(6) संस्था तथा जनता के प्रति जवाबदेही

(b) मेरे पास उपलब्ध विकल्प

विकल्प-1 - कोई कार्रवाई नहीं करना

गुण - (1) मेरी बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित
(2) अतिरिक्त कार्य से मुक्ति

दोष :- (1) मेहनती छात्रों के साथ अन्याय
(2) परीक्षा प्रणाली पर अविश्वास
(3) मेरी सत्यनिष्ठा के साथ समझौता।

विकल्प-2 - कार्रवाई करना

गुण - (1) छात्रों के साथ न्याय होना
(2) परीक्षा प्रणाली पर जनता का

विश्वास निर्माण होना

(3) सत्यनिष्ठा से समझौता नहीं

दोष - (1) मेरी बेटी तथा पारिवारिक स्थिति का खराब होना

(2) बेटी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई से उसका भविष्य खराब होना

विकल्प - 3 - विशेष जाँच दल का गठन करना तथा स्वयं को इस दल से दूर रखना

गुण - निष्पक्ष जाँच हो पायेगी

- कार्यालयी सत्यनिष्ठा स्थापित हो पायेगी

- पूर्वोदाहरण स्थापित होगा।

- बेटी के भीतर मूल्यों का विकास हो पायेगा।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

दोष :- सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग

— बेटी के भविष्य का तात्कालिक नुकसान

उ) मैं विकल्प - 3 का चुनाव करूंगा क्योंकि —

① निष्पक्षता तथा पारदर्शिता की संस्कृति स्थापित

② न्याय की स्थापना।

③ मेरी बेटी के लिए भी दीर्घकालिक रूप से यही सबसे उपयुक्त है।

# हालही में सरकार ने इस तरीके के प्रकरण को रोकने हेतु सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का उपयोग) अधिनियम, 2024 पारित किया है जो इस तरीके की अवस्था पर अंकुश स्थापित होगा।

Call us : 8468022022, 9019066066

Visit us : www.visionias.in